हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

04 क्षेत्र में बढ़ रहा है नीलगाय और जंगली सुअरों ...



07 एसटीआर में शुरु हुआ सात दिवसीय 'हाथी महोत्सव'





## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जनधन खातों में आधार केवाईसी कराने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना में नवीन हितग्राहियों को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए। उनके जनधन खातों में आधार केवाईसी कराई जाए। साथ ही जिन हितग्राहियों के जनधन खाते नहीं खुले हैं। उनके जनधन खाते भी प्राथमिकता से खुलवाए जाएं। कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहां की अभी भी आम जनता को इन योजनाओं की बारे में जानकारी नहीं है।

### सीईओ ने किया लोक अधिकार केंद्र का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सोजान सिंह रावत ने 25 अगस्त , सोमवार को नर्मदापुरम विकासखंड में आजीविका मिशन और महिला शक्ति संकुल स्तरीय संघ द्वारा संचालित लोक अधिकार केंद्र का निरीक्षण किया। यह केंद्र विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा और शोषण के मामलों में सहायता प्रदान करता है।

### बाघ का शिकार कहां और कब हुआ, पंजा कहां गया, खोज जारी

# खुलासा: एसटीआर में रावण -2 के नाम से जाना जाता था बाघ, टीमें जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और वन विकास निगम की सीमा पर तवा नदी के बैकवॉटर में मृत मिले बाघ की पहचान रावण-2 के नाम से की गई है जिसे विभागीय रिकार्ड टी-35 नाम से जाना जाता था जिसकी उम्र लगभग 13 वर्ष है। यह स्पष्ट हो गया है कि बाघ की मौत शिकारियों द्वारा फंदा डालकर की गई और एक पंजा काटकर ले गए। जिसकी पुष्टि एसटीआर फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने की। अभी भी एसटीआर एवं वन विभाग के अधिकारी यह निश्चित नहीं कर पा रहे है कि शिकार कहां हुआ। इससे पहले एसटीआर द्वारा बाघ का पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था वहीं गुम पंजे व किस स्थान पर शिकार हुआ इसके लिए अभी भी एसटीआर एवं वन विभाग की लगभग 5 टीमें सर्च में जुटी हुई।

एसटीआर द्वारा मृत बाघ की पहचान रावण -2 के नाम से कर ली गई है। विभाग द्वारा अभी भी शिकार की जगह की तलाश की जा रही है।



### सूचना देने वाले को मिलेगा 25 हजार का इनाम

एसटीआर द्वारा घोषणा की कि बाघ के शिकार से जुड़ी जानकारी देने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। एसटीआर के अधिकारियों के मुताबिक, जिस बाघ का शिकार हुआ, वो काफी बुजुर्ग था। इसलिए कोर से निकलकर बफर और वन विकास निगम के क्षेत्र को उसने रहवास बना लिया था। सुरक्षा और निगरानी में लापरवाही का फायदा उठाकर शिकारी आसानी से बाघ का शिकार किया।

### बुजुर्ग था बाघ

एसटीआर के अधिकारियों के मुताबिक, जिस बाघ का शिकार हुआ, वो काफी बुजुर्ग था। इसलिए कोर से निकलकर एसटीआर बफर और वन विकास निगम के क्षेत्र को उसने रहवास बना लिया था। बाघ अक्सर यहां देखा जाता रहा था। बुजुर्ग होने से उसके दांत भी कमजोर हो गए थे।

### हाथी, वोट से पेट्रोलिंग

एसटीआर की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि हमारे स्टाफ के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाती है। एसटीआर में हाथी, वोट से भी पेट्रोलिंग होती है जिसमें कोई कमी नहीं है। जरूरत एसटीआर से लगे हुए बफर एव वन विकास निगम की टीमों से अच्छे समन्वय की है।

### आला अधिकारियों ने जताई नाराजगी

स्थानीय टीम के अलावा भोपाल से टाईगर स्ट्राईक फोर्स भी जांच कर रही है। फिर भी तीन दिन में कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। बाघ के पंजे ले जाने के मामले में भोपाल के अधिकारी भी सकते में है। वन विभाग के मुखिया ने बाघों के शिकार से परेशान होकर वनसंरक्षक और क्षेत्र संचालकों को बाघों के अचनाक मरने की घटनाओं पर नाराजगी जताई है साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किये हैं।

## कलेक्टर ने जिले में खाद वितरण एवं मूंग भुगतान की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में कृषकों को खाद की नियमित आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित की जाए उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सहकारी समितियों के माध्यम से एनपीके/एसएसपी का उठाव सुनिश्चित कर किसानों को समय पर वितरण किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा प्राप्त खाद आवंटन का वितरण सहकारी समितियों एवं गोदामों के माध्यम से 50-50 मॉड्यूल के आधार पर ही किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि समितियों द्वारा की जा रही खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि इस वर्ष समितियों को कुल 4150.62 एमटी यूरिया प्राप्त हुआ है, जिसमें से 3348.18 एमटी का वितरण हो चुका है। इसी प्रकार 3552.25 एमटी सुफा में से 2055.75 एमटी का वितरण तथा 4589 एमटी एनपीके/ कॉम्प्लेक्स/ टीएसपी में से 1210.50 एमटी का वितरण किया जा चुका है, शेष स्टॉक समितियों के पास भंडारित है।

बैठक के दौरान यह जानकारी भी दी गई की इस सप्ताह खाद की एक रैक इटारसी में लगना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दूरस्थ ग्रामों में क्लस्टर तैयार कर इस सप्ताह से ही किसानों को समितियों के माध्यम से खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता बढ़ाने और कालाबाजारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

## सेवा के संकल्प से जिले में हुआ निशुल्क शव वाहन सेवा का प्रारंभ, शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जिलों के लिए निःशुल्क शव वाहन सेवा प्रदेश के जिलों के लिए आरंभ की । इस अवसर सोमवार 25 अगस्त को जिला नर्मदापुरम में मप्र शासन द्वारा भेजी गई 2 शव वाहन को पीयूष शर्मा तैराकी संघ अध्यक्ष, भूपेंद्र चौकसे जनपद अध्यक्ष, आशीष शर्मा, डॉ नरसिंह गेहलोत सीएमएचओ एवं डॉ सुनीता कामले सिविल सर्जन, डॉ सुनीता नागेश डीएचओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर निःशुल्क सेवा संकल्प की शुरुआत की, सीएमएचओ ने बताया कि मनुष्यता, सेवा भाव और समाज के गरीब वर्ग सहित अन्य जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क शव वाहन सेवा आरंभ की गई है। सेवा के संकल्प के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के



लिए 02 वाहन की व्यवस्था है। इस व्यवस्था से परिवहन सुविधा प्राप्त होने पर दिवंगत व्यक्ति की देह को ससम्मान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में सुविधा होगी। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी, जिसमें वाहन चालक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी निःशुल्क शव वाहन सेवा एक अत्यंत संवेदनशील और बड़ी योजना है जो राज्य सरकार ने शुरू की है।

### जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। सोमवार को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई जिसमें कलेक्टर ने अध्यक्षता करते हुए सभा में उपस्थित सदस्यों एवं अन्य प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि रेड क्रॉस समिति द्वारा जिले में बहुत ही सक्रिय रूप से कार्य किया जाता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम जिले की इकाई अत्यधिक कुशल है। व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि समस्त क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति जिला रेड क्रॉस सोसाइटी में कार्यरत है। उन्होंने इस दौरान सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सदस्यों के द्वारा पूरी ऊर्जा, परमार्थ भावना तथा नवाचार और रचनात्मकता के साथ कार्य किया जाएगा जैसा पूर्व वर्षों में किया गया है।

## द चैम्प्स फन स्कूल में सोमवार से शुरू हुआ 'कलर वीक' कार्यक्रम

### मैरून ग्रे तथा ब्लू व्हाइट परिधानों से सजे नन्हे बच्चों ने की चित्रकारी, जाना रंगों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कर्मभूमि, ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में आज से कलर वीक का शुभारंभ हुआ। पहले दिन का रंग मैरून–ग्रे तथा ब्लू–व्हाइट रखा गया। विद्यालय की छात्राएँ मैरून एवं ग्रे रंग परिधान में तथा छात्र ब्लू एवं व्हाइट मैरून एवं ग्रे रंग की पोशाक में विशेष रूप से सजे–धजे आए। प्री प्राइमरी कक्षाओं में बच्चों ने रंग–थीम के अनुरूप विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ कीं प्लेग्रुप एवं नर्सरी के बच्चों ने बादलों के चित्र में रंग भरे। एल.के.जी. के



बच्चों ने हाथी के चित्र में रंग भरे। यू.के.जी. कक्षा के विद्यार्थियों ने नीले रंग की आकर्षक फ्रूट बास्केट तैयार की। इसके पश्चात विद्यार्थियों का फोटो सेशन आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने अपनी ड्रॉइंग शीट्स और क्राफ्ट प्रस्तुत किए।

प्रातःकालीन सभा में यू.के.जी. कक्षा ने शिक्षिकाओं के सहयोग से "वाटर ड्रापलेट्स विषय पर एक रोचक नाटिका प्रस्तुत की। इसमें बच्चों को यह समझाया गया कि छोटी–छोटी जल बूंदें बादलों से गिरकर कैसे नदी, तालाब और अंततः विशाल समुद्र का निर्माण करती हैं। शिक्षिकाओं ने कथा सुनाकर और बच्चों ने प्रॉप्स के माध्यम से इस यात्रा को जीवंत किया। विशेष आकर्षण यह रहा कि बच्चों ने अपने टिफिन में भी थीम कलर अपनाए। उदाहरण स्वरूप कुछ बच्चों ने सफेद रंग के अनुरूप भोजन लाकर इस गतिविधि को और रोचक बना दिया। द चैम्प्स फन स्कूल में कलर वीक का पहला दिन उत्साहपूर्ण, ज्ञानवर्धक एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ।

## युवाओं को भूतकाल से शिक्षा लेकर व वर्तमान को साधकर अपने व देश के भविष्य को संवारना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आज के युवाओं को अपने भूतकाल से शिक्षा लेकर वर्तमान को साधकर अपने और देश के भविष्य को संवारना चाहिए। यह समय विमर्श के युद्ध का है। सभी को सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। जरा सी असावधानी घातक हो सकती है। यह बात सोमवार को माखन लाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखन नगर में प्रज्ञा प्रवाह के यूथ एंड धर्मा कार्यक्रम में संगठन के युवा आयाम प्रभारी अभिषेक शर्मा ने कही। कार्यक्रम कालेज के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि युवा का संबंध शारीरिक अवस्था से नहीं है,




अपितु मानसिक अवस्था से है, जो व्यक्ति आशावादी है, दृढनिश्चयी और बलवान है, वही युवा है। यह बात स्वामी विवेकानंद जी ने भी कही है। इसी प्रकार धर्म का तात्पर्य किसी पूजा पद्धति से नहीं होता। धर्म का आशय जीवन के दायित्वों से है। दायित्व या कर्तव्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय सभी प्रकार के हो सकते हैं। उन्होंने प्रज्ञा प्रवाह संगठन के कार्य और भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि संगठन का मूल कार्य वर्तमान समय में विभिन्न सूचना माध्यमों में चल रहे भ्रामक विमर्श का खंडन और भारतीय विमर्श का तथ्य और सत्य के साथ मंडन करना है। उन्होंने कहा कि हमारा गौरवशाली इतिहास रहा है।

## जिले में अब तक तक 1083.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून से आज दिनांक 25 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1083.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1009.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 24 अगस्त से 25 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.3 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 22.0 मिलीमीटर, इटारसी में 20.6 मिलीमीटर, माखननगर में 2.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 1.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.8 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 28.2 एवं तहसील डोलरिया 23.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 943.70 फीट है, तवा जलाशय का 1163.77 फीट है, बरगी जलाशय का 422.40 मीटर एवं बारना जलाशय 348.21 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केंद्रित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केंद्रित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत पंडित रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन नर्मदा पुरम में सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . प्रिंस जैन सर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह माटी की प्रतिमाओं का प्रयोग करना पर्यावरण हित में अत्यंत आवश्यक है ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं कला के प्रति रुचि तथा पर्यावरण के प्रति




जागरूकता बढ़ाना है । सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए, मिट्टी से विविध आकार प्रकार की गणेश प्रतिमाएं पर्यावरण संरक्षण और परंपरा के महत्व को ध्यान में रखते हुए सुंदर व आकर्षण प्रतिमाओं का निर्माण किया। यह कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की कला विभाग की प्राध्यापक कुमारी नेहा नेमा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वन स्टाप सेंटर में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम में सोमवार को विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन न्यायधीश विजय कुमार पाठक द्वारा उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्या सुनकर काउंसलिंग की तथा विधिक सेवा प्राधिकरण से दी जाने वाली सहायता की जानकारी दी ।जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह के द्वारा न्यायालय अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं, योजनाओं के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई ,न्यायालय संबंधित जानकारी हेतु 15100 टोल फ्री नम्बर कीजानकारी दी। प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने वन स्टाप सेटर की योजनाओं की जानकारी दी, 181 महिला हेल्प लाईन, घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2012 कीजानकारी दीगई। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर स्टाफ उपस्थित था ।

### नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त पर काव्य संगोष्ठी

## नर हो न निराश करो मन, को कुछ काम करो कुछ काम करो, मैथिलीशरण गुप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में हिंदी विभाग की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती मनाई गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक ज्ञान वर्धन और राष्ट्र प्रेम की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ।

स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा ने गुप्त जी को संस्कृति और नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए कहा कि गुप्त जी राष्ट्रीय काव्य धारा के कवि रहे हैं उनकी कविताओं में देश प्रेम के साथ , स्त्री , किसान और अन्य उपेक्षित वर्गों




को स्थान मिला है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम के संयोजक हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ के जी मिश्र ने बताया कि गुप्त जी की भारत भारती अंग्रेजों के विरोध में प्रथम रचना रही है। प्रथम खंड में भारत का अतीत हम कौन थे क्या हो गए हैं₹में संदेश दिया कि हम प्रथम देश हैं, हमारी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है ।उन्होंने भारत भारती, जयद्रथ वध, यशोधरा और उर्मिला आदि रचनाओं पर संक्षेप में प्रकाश डाला। इसी क्रम में छात्रा प्रिया साहू ने ₹नर हो न निराश करो मन को ,,कुछ काम करो कुछ काम करो₹ कविता का सस्वर वाचन किया। सुप्रिया मिश्रा ने न हो सिद्धि साधन तो है जबकि धर्मेंद्र कटारे ने वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे कविता पाठ प्रस्तुत किया। अभय अमोले ने अपने भाषण में जाग रहा है कौन धनुर्धर को व्याख्यायित करते हुए गुप्त जी की कृतज्ञता, नैतिकता और संस्कारों को वर्णित किया। शोधार्थी देवांश बैरागी ने संचालन तथा आभार डॉ अंजना यादव ने प्रस्तुत किया। डॉ अमिता जोशी,डॉ कल्पना विश्वास, डॉ धर्मेंद्र कोरी, का विशेष सहयोग रहा और अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समाधान : ग्वालटोली के वार्ड 31 में डल रही पाइप लाइन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरूवार को नगरपालिका में होने वाली जनसुनवाई में आने वाली जनसमस्याओं का समाधान त्वरित होने लगा है। गुरूवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई थी। जिसमें वार्ड क्रमांक 31 में पुरानी पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई हो रहा था जिसके कारण प्रेशर नहीं बनने से लोगों को घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा त्वरित पाइप लाइन डालने के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते आज सोमवार को वार्ड क्रमांक 31 वर्मा कालोनी के वाशिंदों के लिए पेयजल की नई पाइप लाइन डाली गई है।

पार्षद नरेंद्र पटेल सहित वार्डवासियों ने पेयजल समस्या का समाधान हो जाने पर नपाध्यक्ष यादव का आभार माना है।

## खबर संक्षेप

### खेल प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों को दिया गया खेल प्रशिक्षण



**शाहपुर।** शाहपुर के क्रीड़ा परिसर शाहपुर में पांच दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें शाहपुर विकासखंड के शिक्षक शामिल हुए ।सभी शिक्षकों को लूडो क्रिकेट, वालीबाल बास्केटबाल ,कराटे आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि उन्हें इस खेल प्रशिक्षण में बहुत आनंद की अनुभूति हुई। उन्हें बहुत सारी नई बातों का ज्ञान हुआ। खेल के संबंध में उन्हें प्रैक्टिकल और थ्योरिकल गतिविधियों का भी ज्ञान हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी शिक्षक अपने शाला में जाकर छात्रों को खेल संबंधी गतिविधियों से अवगत करवा कर उन्हें उसका वास्तविक ज्ञान भी प्रदान करें और खेल गतिविधियां आयोजित करें। छात्रों को चयनित कर योग्य बनाकर विकासखंड एवं जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल करें। विकासखंड प्रतियोगिता के समापन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर जी आर बर्डे भी उपस्थित हुए। खेल प्रशिक्षण देने में खेल प्रशिक्षक कैलाश कुमार वराठे की मुख्य भूमिका रही।


### पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की



**बैतूल।** बैतूल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्कामुक्की हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे। वह सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष समेत 16 नेताओं पर दर्ज एफआईआर की वापसी की मांग को लेकर पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से मिलने की मांग की। कलेक्टर के बाहर नहीं आने पर वे मुख्य गेट से अंदर जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान पुलिस से उनकी नोकझोंक हुई। संयुक्त कलेक्टर मकसूद खान ज्ञापन लेने आए लेकिन कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से मना कर दिया। बाद में कलेक्टर ने कुछ कार्यकर्ताओं से चर्चा की और एसपी से बात करने का आश्वासन दिया। बता दे कि 18 अगस्त को कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा के आगमन पर कारगिल चौक पर कांग्रेस के झंडे लगाए गए थे। कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व पार्षद सतीश बडोनिया पर झंडे हटाकर कचरे में फेंकने का आरोप लगाया था। कांग्रेस का आरोप है कि शिकायत करने पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज बडोनिया और अन्य कार्यकर्ताओं पर झूठी एफआईआर दर्ज की गई। भाजपा पार्षद पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसमें जिलाध्यक्ष निलय डागा और 16 कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

## उम्मीद: अप्रैल 2026 तक तैयार होगा वुडन क्लस्टर प्रोजेक्ट

# दो हजार लोगों को रोजगार देने वाले प्रोजेक्ट का काम हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत ग्राम कढ़ाई में प्रस्तावित वुडन एवं फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना का काम प्रगति पर है। उम्मीद है कि अप्रैल 2026 तक वुडन एवं फर्नीचर क्लस्टर का काम पूरा हो जायेगा।**

दरअसल वर्ष 2022 में शुरू हुई प्रक्रिया के बावजूद अब तक इस प्रोजेक्ट के तहत ले-आउट डालने के साथ-साथ जमीन का लेवल और रोड तथा पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। इस क्लस्टर को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसके निर्माण से करीब 2000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वुडन इंडस्ट्री के विकास से स्थानीय स्तर पर फर्नीचर निर्माण और संबंधित उद्योगों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं वुडन कार्य से संबंधित छोटे उद्योग संचालित करने वाले कारोबारी को भी वुडन फर्नीचर क्लस्टर से लाभ मिलेगा। बता दे कि राज्य क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा कढ़ाई में 50 एकड़ क्षेत्र में इस क्लस्टर का निर्माण किया जाना है। योजना के अनुसार यहां लकड़ी से जुड़े उद्योगों के लिए 101 प्लाट आवंटित हैं और इसके लिए एसपीवी बैतूल क्लस्टर डेवलपमेंट एसोसिएशन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिमेदारी सौंपी गई है।

### प्रोजेक्ट के लिए बनाई गई है समिति

क्लस्टर के विकास के लिए उद्योगपतियों की एक समिति बनाई गई है। इस समिति के माध्यम से एसपीवी बैतूल क्लस्टर डेवलपमेंट एसोसिएशन यहां विकास कार्य कर रहा है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में रोड और पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। पूरे प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग जिला उद्योग विभाग द्वारा की जा रही है। वर्ष 2022 में प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद से छोटे उद्योग संचालित करने वाले कारोबारियों में खुशी का माहौल है। ज़मीन के विकास, बाउंड्री, इंफ्रास्ट्रक्चर, सडक़ या अन्य कार्यों में प्रगति हुई है और 2026 तक प्रोजेक्ट के मूर्तरूप लेने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सितंबर 2025 तक था लक्ष्य, बढ़ी डेडलाइन

बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट को लेकर जिला व्यापार उद्योग संचालनालय भोपाल ने पहले सितंबर 2025 तक का लक्ष्य तय किया था। लेकिन इसकी समय सीमा बढ़ाकर अब संचालनालय ने डेटलाइन अप्रैल 2026 कर दी है। हालांकि इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि बारिश के चलते अभी काम में दिक्कते आ रही है। जैसे ही बारिश खत्म होगी, काम में तेजी आयेगी। वहीं ग्राम कढ़ाई में क्लस्टर बनाए जाने के लिए पहले सितंबर 2025 तक की समय सीमा दी गई थी, जिसे बढ़ाकर अप्रैल 2026 कर दिया गया है।

### गुड़ क्लस्टर प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में

ठंडे बस्ते में गुड़ क्लस्टर प्रोजेक्ट भारत सरकार के एमएसएमई-सीडीपी कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित गुड़ क्लस्टर प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में नजर आ रहा है। इस परियोजना के तहत गुड़ उत्पादन इकाइयों के लिए कॉमन फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित होना था, ताकि उत्पादकों को अत्याधुनिक मशीनें, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन सहायता मिल सके। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग का कहना है कि संचालनालय से अधिकारी निरीक्षण के लिए आए थे। फिलहाल, इस योजना के क्रियान्वयन की कोई स्पष्ट समयसीमा भी तय नहीं है। बताया गया कि गन्ने की अच्छी खेती और गुड़ उत्पादन के बावजूद क्षेत्र के किसानों और छोटे उद्योगों को अब भी तकनीकी सहयोग व विपणन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यदि क्लस्टर बन जाता तो उन्हें बेहतर संसाधन और बाजार प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलती। जानकारों का कहना है कि यदि राज्य सरकार और संचालनालय समयबद्ध रोडमैप बनाकर प्रोजेक्ट को गति दें, तो यह न केवल बैतूल के गुड़ उत्पादकों को राहत देगा, बल्कि स्थानीय रोजगार व औद्योगिक विकास का बड़ा जरिया भी बन सकता है।

### कार्य शुरू हो गया है

ग्राम कढ़ाई में क्लस्टर बनाए जाने के लिए समय सीमा अप्रैल 2026 तय की है। अभी तीन दिन पहले ही निरीक्षण कराया था। जिसमें एप्रोच रोड का काम चल रहा है। इसके अलावा पानी टंकी के लिए भी कार्य शुरू हो गया है। गुड़ क्लस्टर प्रोजेक्ट के लिए टीम आई थी, जिन्हें जमीन का निरीक्षण कराया गया है।

**-धीरज मंडलेकर,** सहायक संचालक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, बैतूल

## वन्य प्राणी किसानों पर कर रहे हमले

# क्षेत्र में बढ़ रहा है नीलगाय और जंगली सुअरों का आतंक



**मुलताई।** मुलताई नगर की सीमा से लगी ग्राम पंचायतो में जंगली सूअर एवं नीलगायों के झुंड किसानों के लिए आतंक का पर्याय बन गए है। वन्य प्राणी न सिर्फ किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि किसानों पर हमले भी कर रहे हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त है। क्षेत्र में नीलगाय एवं जंगली सुवरों के आतंक को लेकर आज ग्राम पंचायत चौथिया के ग्रामीणों ने एसडीएम मुलताई को ज्ञापन सौप कर वन्य प्राणियों द्वारा फसल को पहुंचाएं जा रहे नुकसान का सर्वे करा कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। ग्राम पंचायत चौथया के उप सरपंच सतीश डोगरदिए के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि सम्पूर्ण ग्राम पंचायत चौथिया की सीमा में विगत वर्षों से वनप्राणियो (सुअर एवं नीलगाय) के द्वारा खरीफ, रबी फसलों पर झुण्ड के साथ खेतो में घुसकर भारी नुकसान तथा कृषको (महिला एवं पुरूष) पर हमला किया जा रहा है जिससे संपूर्ण क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल है। वर्ष 2024 एवं वर्तमान में भी वन्य प्राणियों के द्वारा हमले की घटनाएं हो चुकी है। जिससे सभी कृषक डर के साये में रहकर फसलों की देखरेख नहीं कर पा रहे है, पकी हुई फसलो को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि प्रत्येक कृषक अपनी क्षमता से अधि खेतो की फसलो के लिये कर्ज लेकर सहाकारी बैंक एवं साहूकारो से खाद, बीज, दवाईयां खरीदार अपनी भरपुर मेहनत के साथ फसलो की उपज तैयार करता है किंतु कड़ी मेहनत के बाद जो फसल तैयार होती है वन्य प्राणियों द्वारा उसे नष्ट कर दिया जाता है जिससे किसानों के सामने आजीविका की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है । ज्ञापन में मांग की गई है कि फसलो की क्षति को बचाने हेतु सबंधित वन विभाग उचित कार्यवाही करे जिससे की खड़ी फसलो एवं कृषको को वनप्राणियो के हमले से बचाया जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में सतीश डोंगरदिए, सुदामा पाठेकर, कुसुम लाल साहू, पारसनाथ, कर देवी राम प्रहलाद पाठेकर, जीवन पाठेकर आदि प्रमुख है।

### नुकसान का मुआवजा प्रदान किया जाएगा

वन्य प्राणियों ने जिस भी कृषक की फसल को नुकसान पहुंचा है, उस नुकसान का सर्वे वन विभाग और राजस्व विभाग कि संयुक्त टीम करेगी और सभी कृषक को राजस्व के माध्यम से फसल नुकसान का मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

**- नितिन पवार,** वन परिक्षेत्र अधिकारी, मुलताई

### स्कूली बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी



**बैतूल।** शासकीय उमावि भड़ूस में पुलिस द्वारा राहवीर योजना के अंतर्गत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि यदि किसी का सडक़ पर एक्सीडेंट हो जाता है, तो उसे हॉस्पिटल पहुंचा कर उसकी जान बचाई जा सकती है। जान बचाने वाले को सरकार द्वारा पुरस्कृत कर रुपए इनाम में दिए जाते हैं। यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा सडक़ सुरक्षा अंतर्गत विद्यार्थियों को नियमों की आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शाला का समस्त स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया पर्यावरण पखवारा

# प्रकृति के दोहन से आ रही है प्राकृतिक आपदाएं



**मुलताई।** पर्यावरण की रक्षा यदि हम नहीं करेगें तो प्रकृति भी हमारी रक्षा नहीं करेगी। आज जो बेमौसम बरसात, पूरे विश्व में बाढ़ का आ जाना तथा पहाड़ों का खिसकना यह सब प्रकृति के अंधाधुंध दोहन होने के कारण हो रहा हैं। जब तक हम पर्यावरण का संरक्षण नहीं करेगें एवं इसकी चिंता हम अमृता देवी विश्नोई जैसी नहीं करेगें तब तक यह प्राकृतिक विपदाये आती रहेगी उक्त बात भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मधुकर साबले ने मुलताई विद्युत वितरण कंपनी परिसर में भारतीय मजदूर संघ द्वारा बनाए जा रहे पर्यावरण पखवारे पर आयोजित कार्यक्रम में कहे। उन्होंने कहा कि वनो की रक्षा के लिए अमृतादेवी ने अपने परिवार सहित 236 लोगों के प्राणों की आहुति दी थीं, हमारे मन में भी पर्यावरण के प्रति अमृतादेवी जैसा भाव होनी चाहिए। भारतीय मजदूर संघ संपूर्ण बैतूल जिले में पर्यावरण पखवारे के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। इसी के तहत आज विद्युत वितरण कंपनी के संभागीय कार्यालय मुलताई ग्रामीण तथा मुलताई शहर वितरण केन्द्र में पौधारोपण रोपण तथा उन्हे पालने का संकल्प लिया गया। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़, विद्युत कर्मचारी महासंघ के जिला अध्क्षय चंद्रभान पंडाग्रे, मुलताई शाखा के पर्वतराव ठाकरे एवं संतोष गुप्ता ने भी पर्यावरण एवं वृक्षारोपण पर अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यालय में स्थानीय नगरपालिका परिषद् मुलताई द्वारा भी सहायोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुलताई तहसील एवं आमला तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारीगण प्रबंधक दिपेन्द्र बरवेकर, सहायक प्रबंधक सूर्यकान्त साकेत एवं अभिषेक पन्द्रे, नत्थूराव जैन, बी. पी. गणेशे, आनंद डोलेकर, कुलदीप ठाकरे, जावेद खान, नितेश श्रीनाग, नितेश ठाकरे, राजकुमार सुर्यवंशी, प्रवीण दुबे, प्रवीण जाम्बुलकर, संदेश गजबीये, सुरेन्द्र मालवीय, नितिन मिश्रा, नितिन काइंदे सतिश डहेरीया, अजय इंदुलकर, मोहन देशमुख, अनिल देशमुख, राजू हिंगवे, अरूण सिह, अतिश आदि रहे मौजूद।



### राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीम द्वारा मौसमी बीमारी राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एमटीएस सुबोध गड़वाल द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र खोकरा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र शीतलझिरी की विजिट कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गईं। विशेष अभियान अंतर्गत ग्राम शीतलझिरी के स्कूल की विजिट कर प्रमिला उइके एवं आशा कार्यकर्त्ता गजरी बडक़डे के साथ माध्यमिक स्कूल के छात्र छात्राओ एवं शिक्षक स्टॉफ को मलेरिया, डेंगू एवं क्षय रोग के लक्षण बचाव उपचार संबंधी उपाय समझाए एवं मौसमी बीमारी उल्टी दस्त से बचाव के उपाय समझाते हुए स्वास्थ्य शिक्षा दी।

# बगडोना कॉलेज में होगा सरदार विष्णु सिंह की प्रतिमा का अनावरण

## जनभागीदारी समिति की बैठक में हुआ निर्णय



**सारनी।** वीर स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय में सरदार विष्णु सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण शीघ्र ही किया जाएगा। सोमवार को कालेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। नपा अध्यक्ष किशोर वरदे,समिति के सचिव एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रदीप पन्द्राम, पार्षद दशरथ सिंह जाट,कीउपस्थिति में सम्पन्न जनभागीदारी समिति के बैठक में महाविद्यालय के विकास एवं छात्रों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

गौरतलब है कि महाविद्यालय प्रांगण में जनभागीदारी समिति, दानदाता एवं नगरपालिका परिषद सारनी के संयुक्त प्रयासों से स्वतन्त्रता सेनानी सरदार विष्णु सिंह जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिती की बैठक में प्रतिमा स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने एवं भव्य अनावरण समारोह आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जनभागीदारी समिति की बैठक में कॉलेज में आगामी समय में रोजगारमूलक पाठ्यक्रम संचालित किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही एमएससी एवं राजनीतिक शास्त्र विषय के लिये स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बीएससी एवं बीकॉम संकाय शासन स्तर पर प्रारंभ करने के लिए एक बार फिर से शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। बाउंड्री वाल का निर्माण डब्लू सी एल के सीएसआर मद एवं जिला खनिज मद से कराए जाने हेतु जनप्रतिनिधियों को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्णय लिया गया। अमृत पार्क एवं न्यू बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए तार फेसिंग एवं कैम्पस से अंदर से बहने वाले बरसाती नाले के दोनों तरफ युसेफ वाल बनवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सदस्य किशोर महोबे, दीपक सिनोटिया, मोहन आदि रहे मौजूद।

## पुलिस ने केबल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सारणी।** पुलिस ने केबल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेन्द्र कुमार सरनकर पिता स्व. बाबूराव सरनकर उम्र 51 वर्ष निवासी नगरपालिका के पीछे सारनी, हाल सहायक लाइन मैन (जुवाड़ी फिटर)12/8/25 कार्यालय घोड़ाडोंगरी ने एक लिखित आवेदन दिया था कि फीडर पर पदस्थ लाइन कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि 08 अगस्त शुक्रवार रात्रि ग्राम फांडका,थाना सारनी क्षेत्र में श्रीरामसिंह पिता गरीबा निवासी केरिया के खेत से 11 केवी जुवाड़ी कृषि पंप फीडर लाइन के 02 स्पान के तार चोरी हुए। 9 अगस्त शनिवार रात्रि ग्राम मरकाढ़ाना स्थित बजरंग मंदिर के पास से 11 केवी जुवाड़ी कृषि पंप फीडर लाइन के 02 स्पान के तार चोरी हुए। जिसके कारण दोनों ग्रामों के कृषि पंप उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई एवं कंपनी को लगभग 44,000 का नुकसान हुआ। साथ ही, नवीन निर्माणाधीन 33/11 केवी उपकेंद्र रतनपुर हेतु बाकुड से निकली 33 केवी विद्युत लाइन के ग्राम माथनी के पास लगभग 01 किलोमीटर (05 स्पान) तार चोरी होने की सूचना भी दी गई, जिसकी अनुमानित कीमत 55,000 है। आवेदन पर थाना सारनी में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर कि सूचना पर ग्राम सलैया निवासी दीपक मालवीय उम्र 22 वर्ष एवं चन्द्रशेखर मालवीय उम्र 30 वर्ष (जो प्राइवेट बिजली ठेकेदार के पास कार्यरत हैं) तथा उनके साथी दिलीप धुर्वे उम्र 25 वर्ष को हिरासत में लिया गया।



## अगर बिजली कंपनी ने संपत्ति कर अदा नहीं किया तो कोर्ट जाएगी नगरपालिका

# नपा ने बिजली कंपनी को दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

संपत्ति कर अदा नहीं करना और पिछले तीस वर्षों से नगर पालिका को संपत्तिकर का भुगतान करने में आनाकानी करना स्थानीय बिजली कंपनी को महंगा पडऩे वाला है। नगर पालिका बिजली कंपनी की वर्षों से की जा रही नाफरमानी को लेकर बेहद कठोर रुख अपनाने जा रही है। दरअसल साल दर साल जिस तरह से बिजली कंपनी नगर पालिका को संपत्ति कर चुकाने में लापरवाही कर रही थी, उसको लेकर नगर पालिका ने सख्त रुख अपना लिया है। सोमवार को नगर पालिका के राजस्व विभाग ने इस मामले में एक अंतिम सूचना पत्र जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी स्थाई निवास वार्ड क्रमांक 10 द्वारा बीते लगभग तीस वर्षों से संपत्ति कर जमा नहीं कर रही है, जो बढक़र अब 15 लाख रुपए से भी ज्यादा का हो गया है। इस दौरान बार-बार और लगातार नगर पालिका द्वारा कंपनी को पत्र आदि के माध्यम से भी आगाह किया जाता रहा है, किंतु कंपनी के जिम्मेदारों ने संपत्तिकर चुकाने के मामले में गंभीरता नहीं रखी, जिससे नगर पालिका को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मामले में नगर पालिका के राजस्व विभाग के प्रभारी अखिलेश राजनेगी ने बताया है कि कंपनी बीते कई वर्षों से संपत्तिकर अदा नहीं कर रही है हमारे द्वारा बार-बार पत्र व्यवहार भी किया जा रहा है जिसको लेकर सोमवार को एक अंतिम सूचना पत्र कंपनी को जारी कर दिया गया है, उसके बाद न्यायालय जाएंगे।




### बिजली कंपनी में हडक़ंप

स्थानीय बिजली कंपनी को शायद नगर पालिका के इस सख्त रुख का अंदाजा नहीं था,किंतु नगर पालिका के इस अंतिम सूचना पत्र और कंपनी के कदाआचरण की घोर लापरवाही मानते हुए, नगर पालिका ने जैसे ही कोर्ट जाने का हवाला दिया, कंपनी के अधिकारियों में हडक़ंप की स्थिति बन गई है, जैसा कि हमारे पास जानकारी है कि नगर पालिका के पत्र के बाद कंपनी के अधिकारी अब अपना रिकॉर्ड खंगालने में लग गए हैं।

### नपा अधिकारी के दबाव से सुधरेगी अर्थव्यवस्था

बीते कई वर्षों में नगर पालिका के जिम्मेदारों की लापरवाही और अनियमित से नगर पालिका का खजाना लगातार खाली होता रहा, और किसी भी जिम्मेदारों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे नगर पालिका की माली हालत बिगड़ती चली गई, और अब हालात यह है, कि कर्मचारियों के वेतन तक के भी लाले पड़े हुए हैं, किंतु जब से नवागत नगर पालिका अधिकारी नितिन बिंजवे ने यहां कार्यभार संभाला है नगर पालिका अधिकारी ने सबसे पहले राजस्व की बेहतरी के लिए यहां पूरे विभाग को अलर्ट मोड पर कर दिया है, इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई पडऩे लगे हैं।

### दस लाख से ज्यादा बिजली बिल अदा कर रही नपा

एक और जहां बिजली कंपनी बीते तीस वर्षों से नगर पालिका प्रशासन को संपत्तिकर अदा नहीं कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका प्रशासन प्रतिमाह बिजली विभाग को स्ट्रीट लाइट, कार्यालय का बिजली बिल और सभी संचालित बोरवेल का 10 से 12 लाख रुपए बिजली बिल अदा कर रही है।

### अदा कर दिया जाएगा

संपत्तिकर के मामले में नपा द्वारा विधिवत कंपनी को पत्राचार नहीं किया जाता है। कंपनी तो हर साल संपत्तिकर चुकाने को तैयार है, नगर पालिका की नैतिक जिम्मेदारी है कि समय-समय पर पत्र आदि के माध्यम से कंपनी को संपत्ति कर की मांग करें। पूरे मामले में हमने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दे दी है, राशि के उपलब्ध होते हैं नगर पालिका का पूरा संपत्तिकर अदा कर दिया जाएगा।

**- विलासराव उईके,** कनिष्ठ अभियंता, मप्र विद्युत वितरण कंपनी आमला

## झूलेलाल चालीसा का हुआ समापन



**सोहागपुर।** नगर स्थित सिंधी गुरुद्वारे में सोहागपुर सिंधी समाज के 40 दिवसीय व्रत पर्व झूलेलाल चालीसा महोत्सव का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर अखंड ज्योत शोभायात्रा निकाली गई। समाज के नागरिक मनोज गोलानी ने चर्चा में बताया कि 17 जुलाई से प्रारम्भ हुए चालीसा महोत्सव दौरान प्रतिदिन सुबह शाम आरती सहित पल्लव तथा अरदास आयोजित किये गए। यह पूजन क्रम समापन दिवस पर भी किया गया। वहीं रविवार शाम गुरुद्वारे से भगवान झूलेलाल स्वरूप व अखंड ज्योत साहिब की शोभायात्रा ढोल बाजे व जयकारों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा सिंधी समाज के प्रत्येक घर के सामने से होते हुए जमनी सरोवर के लिए रवाना हुई। जहां पूजन उपरांत अखंड ज्योत सरोवर में प्रवाहित की गई। इस अवसर पर समाज से महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

श्री झूलेलाल चालीसा को लेकर मान्यता है कि सिंध प्रांत में एक क्रूर मुस्लिम शासक हिंदुओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करता था। तब सिंध प्रांत के पीड़ित हिंदुओं ने सिंधु नदी के किनारे भगवान वरुण देव का आव्हान किया एवं चालीस दिन के कड़े व्रत रखे। तब वरुण देव प्रसन्न हुए एवं झूलेलाल साईं के रूप में अवतार लेकर उन्होंने हिंदुओं को दुख से मुक्ति दिलाई। तभी से सिंधी समाज में भगवान झूलेलाल चालीसा का विशेष महत्व है।

### इससे पहले एसडीएम को सौंपा था ज्ञापन, नहीं मिला समाधान

# रेलवे पुल के नीचे रास्ते की मांग को लेकर ग्राम वासियों ने किया चक्काजाम

मारू नदी पर रेलवे पुल के नीचे रास्ते की समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्राम वासियों ने किया चक्काजाम कर दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



ग्राम पथरई -परसवाड़ा सहित विस्थापित ग्राम आदिवासी स्कूली बच्चों, के मारू नदी परभणी रेलवे पुल के नीचे से आवा गमन कीसमस्या को लेकर 21 अगस्त को ग्राम पथरई के ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम एसडीएम सोहागपुर को ज्ञापन दिया था जिसमें 25 अगस्त तक आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी।

ज्ञात हो कि सेमरी हरचंद से पथरई परसवाड़ा पहुंचने के लिए सेमरी हरचंद से निभौंरा तक लगभग 8 किलोमीटर की सड़क का निर्माण वर्ष 2014-15 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था। रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पुल जो कि रेलवेके खम्बा नंबर 784/8 से खंबा नंबर 784/9 के बीच रेलवे पुल के नीचे मारू नदी से पथरई से सेमरी हरचंद पहुंचने की सड़क को रेलवे की जमीन होने के कारण निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया गया सेमरी हरचंद के पूर्व सैनिक नीमचंद कुशवाहा द्वारा अथक प्रयास करके क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों , रेल्वे विभाग के उच्च अधिकारियों को रेलवे पुल के नीचे से आवागमन की समस्या से प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन पत्र वर्ष 2018से 2023 तक लगातार दिए गए जिसके परिणाम स्वरूप 23 मई 2023 को ग्राम वासियों की मांग पर अपने जवाबी पत्र में तत्कालीन वाणिज्य रेलपबंधक पंकज दुबे ने फिजिबल अकाउंट के माध्यम से रेलवे पुल के नीचे मारू नदी पर अंडर ब्रिज बनने की संभावना जताई थी और संबंधित ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों ने फिजिबल अकाउंट में राशि जमा करने की सहमति भी जताई थी। परंतु रेलवे विभाग द्वारा इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। विगत 20 अगस्त को एक स्कूल वाहन के रेलवे पुल के नीचे से निकलते समय नदी में फंस जाने के एवं एक मोटरसाइकिल सवार जिस पर दो बच्चे स्कूल जा रहे थे मोटरसाइकिल नदी गिरने से आहत ग्राम वासियों द्वारा 21 अगस्त को कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम एसडीएम सोहागपुर को 25 अगस्त तक स्कूलीबच्चों एवं प्रभावित क्षेत्र के किसने की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर चक्का जाम की चेतावनी दी।

पथरई -परसवाड़ा सहित अनेक आदिवासी विस्थापित ग्राम वासियों स्कूलीबच्चों की सुविधा के लिए दिए गए आवेदन पत्र एवं एसडीएम के निरीक्षण उपरांत लोक निर्माण विभाग स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए ग्राम झालौन के पास अस्थाई रूप से रास्ता बंद कर दिया गया।

सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने भी पथरई परसवाड़ा एवं उक्त आदिवासी विस्थापित ग्राम वासियों की समस्या को लेकर विधानसभा में भी प्रश्न लगाया है।

ग्राम वासियों द्वारा लगभग 45 मिनट तक स्टेट हाईवे पर बैठकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया चक्का जाम जानकारी मिलते ही प्रियंका भल्लावी एसडीएम ,संजू चौहान एसडीओपी सोहागपुर, उषा मरावी थाना प्रभारी सोहागपुर, अपने अधिकारियों के साथ पीपल चौक पहुंचे जहां ग्राम वासियों द्वारा स्टेट हाईवे पर बैठकर यातायातको रोका गया था। अधिकारियों ने उच्च स्तर पर बातचीत करके तथा रेलवे विभाग से समस्या समाधान के लिए आश्वासन देकर ग्राम वासियों का धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया तथा यातायात बहाल किया।

शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे किसान नेता पुष्पराज सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य दौलतराम पटेल पथरई पूर्व सरपंच विनय कुमार पूर्वसैनिकचौधरी मालिकजी चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि संजय सिंह बृजेश पटेल प्रभावित क्षेत्र ग्राम वासियों महिलाओं समेत अनेक किसान उपस्थित थे। इस संबंध में एसडीएम प्रियंका भल्लावी का कहना है कि समस्या ग्राम वासियों के रेलवे पुल के नीचे से मारू नदी पर आवागमन करने की है नदी पर सड़क बनाना संभव नहीं है हम कलेक्टर महोदय को इस समस्यासे अवगत करा चुके हैं रेलवे विभाग की जमीन होने के कारण किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना संभव नहीं है।

## भैंस टकराने से एम्बुलेंस सड़क से उतरी नीचे, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नजदीकी ग्राम गुरम खेड़ी के पास शाम 5:30 पर सोहागपुर अस्पताल की एंबुलेंस नर्मदापुरम में मरीज छोड़कर आ रही थी। चालक धर्मेंद्र गाड़ी चला रहा था। तभी अचानक एक भैंस दौड़ती हुई सामने आई। जिसे बचाने के चक्कर में पायलट धर्मेंद्र ने गाड़ी को सड़क की बांई ओर किया। लेकिन तेज गति से दौड़ती भैंस एंबुलेंस से टकरा गई और एंबुलेंस सड़क से उतर गई।

पुलिया होने के कारण एंबुलेंस पलटने से बच गई। घटना के समय एंबुलेंस में पायलट धर्मेंद्र सहित महिला ईएमटी सवार थे. पायलट धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने महिला ईएमटी को बस से सोहागपुर पहुंचा दिया है। घटना में ईएमटी एवं पायलट दोनों सुरक्षित हैं। किसी को कोई चोट नहीं आई है।

## 15 से अधिक लेबर ढो रहा सवारी आटो पलटा



**सोहागपुर।** सोहागपुर-मढ़ई मार्ग पर सोमवार सुबह एक सवारी आटो पलट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार आटो लेबर से भरा हुआ था, जो ग्राम नयागांव व डूंडादेह के बीच पलट गया। सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं। नयागांव ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि दीपक रघुवंशी एवं ग्रामीणों ने बताया कि घटना सोमवार सुबह लगभग 8:30 बजे की है। जब डूंडादेह से सोहागपुर की ओर जाता ऑटो पलट गया। दीपक रघुवंशी ने बताया कि ऑटो में लगभग 15-16 सवारियां बैठी हुई थी, जिन्हें मामूली चोटे आई हैं। दीपक रघुवंशी ने ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सोहागपुर अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस व प्रशासन इस ओर ध्यान दे, क्योंकि आदिवासी क्षेत्र में क्षमता से अधिक सवारियां बिठाकर आटो दौड़ाए जाते हैं। इससे कभी भी जानलेवा स्थिति ग्रामीणों के साथ बन सकती है, अतः प्रशासन रोक के प्रयास करे। हालिया घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है। मामूली रूप से घायल सवारियों को सोहागपुर सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

## खाद वितरण व्यवस्था चरमराई, यूरिया लेने की होड़ में आपस में भिड़े किसान, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

स्टेशन रोड स्थित डबल लॉक खाद बीज विक्रय केंद्र पर पिछले कई दिनों से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा था ,जिसके चलते किसान कई दिनों से परेशान थे और यूरिया की गाड़ी का इंतजार कर रहे थे डबल लॉक में यूरिया आने की सूचना मिलते ही किसान खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में सुबह 4 बजे से डबल लॉक सेंटर पहुंच गए और लाइन लगाकर खड़े हो गए परंतु देखते-देखते किसानों की इतनी भीड़ वहां एकत्रित हो गई कि वह मौजूद डबल लॉक के अधिकारियों के पसीने छूट गए। खाद लेने के लिए किसानों में विवाद की स्थिति बन गई और दो किसानों के बीच मारपीट हो गई जिसकी प्राथमिकी पाला देवरी के किसान राम सिंह पटेल ने कल्लू गुर्जर के खिलाफ दर्ज कराई। जब विवाद की सूचना प्रशासन को लगी तो सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबडे, एसडीओपी संजू चौहान, थाना प्रभारी उषा मरावी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी वहीं डबल लॉक से टोकन वितरित करवाकर प्रतिदिन 100 किसानों को खाद्य वितरण करने के निर्देश दिए। वहीं किसानों का कहना है कि खाद वितरण करने वालों का समय बढ़ाया जाए यह लोग 12:00 बजे आते हैं 12 से 5:00 तक कितना खाद बटेगा कराई सुबह से भूखे पेट लाइन में लगते हैं तब कहीं शाम तक खाद मिल पाता है भरोसा नहीं रहता कि आज दिन भर में खाद मिल जाए किसान बड़ा परेशान है उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। किसानों की समस्या को देखते हुए कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने किसानों से बात की। वहीं एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि उन्हें वितरण केंद्र पर किसानों के विवाद की सूचना मिली थी जिसके बाद बह मौके पर पहुंची और टोकन सिस्टम से खाद विद्युत करने के निर्देश दिये टोकन सिस्टम से खाद वितरित होने से किसान खुश नजर आए।

## डीएलएफ के बावजूद कालोनीवासी कर रहे बिजली कटौती का सामना




**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर की साईं सिटी कॉलोनी में डीएलएफ के बावजूद बिजली संकट की स्थिति है तथा कालोनीवासी बहुत परेशान हैं। गत दिनों समस्या से परेशान नागरिकों ने सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह को समस्या से अवगत कराया व आवेदन दिया है। चर्चा में विधायक विजयपाल सिंह को कीर्ति दुबे, अभिनव सोनी, अभय खंडेलवाल, गिरधारी रघुवंशी आदि ने बताया कि कालोनी में विगत कुछ माह से बिजली की भयावह कटौती की जा रही है। जिससे रहवासी बहुत परेशान हैं। कालोनी में वैध बिजली सिस्टम का इंस्टॉलेशन कंपनी के अधिकृत ठेकेदार ने किया है। कालोनी में डीएलएफ से कनेक्शन हैं और इस लाइन से 24 घंटे बिजली देने की जिम्मेदारी बिजली कंपनी की है। कालोनी संचालक कीर्ति दुबे और अभिनय सोनी, गिरधारी रघुवंशी ने बिजली समस्या से विधायक को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक विजयपाल सिंह ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्या के संबंध में बिजली कंपनी डीजीएम से बात कर समस्या हल कराएंगे।

## एसटीआर में शुरू हुआ सात दिवसीय 'हाथी महोत्सव'

### गश्ती करने वाले हाथियों को मिला सात दिन का आराम







हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए गश्ती करने वाले हाथियों को सात दिनों का आराम दिया गया है। 24 से 30 अगस्त 2025 तक 'हाथी महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि खरेर हाथी कैंप में हाथियों की आवभगत दौरान शाही स्नान कराया जाता है। इसके बाद हाथियों के सिर व पैर की नीम तेल से मालिश की जाती है। महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार को रिजर्व फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने महावतों का तिलक लगाकर महावतों द्वारा की जाने वाली हाथियों की सेवा पर कृतज्ञता ज्ञापित की। वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. गुरुदत्त शर्मा ने महावतों एवं चारा कटर से हाथियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली व जरूरी निर्देश दिए।

## कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, क्षेत्र में खाद वितरण बनी किसानों की समस्या



**माखननगर।** सोमवार को कांग्रेस पार्टी एवं नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे की उपस्थिति में किसानों को क्षेत्र में आ रही खाद की समस्या एवं किसानों के लिए खाद की आपूर्ती सुनिश्चित करने एवं वितरण में आ रही अनियमितता की जांच के लिए कलेक्टर के नाम माखन नगर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया, इसमें उल्लेख किया गया है कि ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस माखननगर क्षेत्र के किसानों द्वारा खाद्य वितरण में अनियमितता की शिकायत की जा रही है जिसको लेकर प्रशासन द्वारा ना तो पूर्व में तैयारी की गई ना ही वितरण व्यवस्था में कोई सुधार किया गया। उक्त समस्या को देखते हुए क्षेत्र के किसानों के लिए खाद की आपूर्ती सुनिश्चित करने के लिए संबंधित समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा एवं ज्ञापन के माध्यम से निम्न मांग भी की गई है।

कृषि एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा किसानों की मांग के की अनुरूप पूर्व से खाद की मांग एवं उपलब्धता नहीं रखी गई। साथ ही ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्य में लापरवाही की जांच कर इनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए । डबल लॉक वेयरहाउस पर इस वर्ष आए खाद के स्टॉक एवं वितरण की किसान प्रतिनिधियों को शामिल कर समिति बनाकर जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। खाद के वितरण में परेशानी के इस दौर में देखा गया कि आरी एवं नगर में स्थित निजी खाद विक्रय केंद्रों पर खुले आम अवैध रूप से अधिक रेट एवं अन्य सामग्री की बाध्यता के साथ किसानों को बेचा गया ।

## शहर में मिट्टी के गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए नपा टीम ने शुरू की मुहीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम पंचायत हटवासस्से लेकर नगर के सभीपप्रमुख मार्गो पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पांडाल तैयार कियाजा रहे हैं। लेकिन काया कल्प योजना में विकास कार्य पूरा नहीं हो पाया है काम चल रहा है। लेकिन पंडाल सड़कों पर ही बनाए गए हैं। जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन सभी जगह पर मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने हेतु प्रथम श्रेणी में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल के द्वारा नगरपालिका परिषद के अधिकारीकर्मचारियों की टीम का गठनकिया गया है। जो प्रत्येक मूर्ति कार के पास पहुंच कर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। एक मूर्तिकार के द्वारा लगभग डेढ़ सौ मूर्ति बनाई जा रही ह। मूर्तिकारों ने बताया कि नगर पालिका परिषद के अधिकारीकर्मचारियोंटी लगातार पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। पी ओ पी की प्रतिमा किसी तरहसे बाजार में देखना नहीं चाहिए इस बात कोलेकर लगातार जांच की जा रही है। शांति समिति की बैठक मेंभी ऐसेही निर्णय लिए गएहै। गणेश स्थापना का समय नजदीक होने के कारण मूर्तिकार अबमूरतीयों को अंतिम रूप दे रहे हैं। दिन-रात करके पुरा परिवार मूर्ति सजानेमे लगा हुआ है।

## नगर में त्यौहारों को देखते हुए हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर रविवार को थाना माखन नगर में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के गणमान नागरिक, पत्रकार बंधु व पदाधिकारीगण शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहे। जिसमें आगामी त्योहारों गणेश उत्सव,ईद मिलाद-उन-नबी, ढोल ग्यारस आदि को लेकर चर्चा हुई। गणेश पण्डालों को लेकर समितियों को आवश्यक निर्देश दिए गये। यातायात संबंधी व गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर चर्चा हुई।

### कार्यक्रम में विधायक डॉ शर्मा रहे मौजूद

# स्वाभिमान संकल्प पत्र का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रांतीय इकाई के आह्वान पर आगामी 1 सितंबर को प्रदेश के सभी विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई नर्मदापुरम द्वारा कार्यक्रम का संकल्प पत्र के फ्लैस एवं पोस्टर छपवाकर प्रत्येक ब्लॉक, तहसील, नगर, इकाइयों को वितरण करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक सीतासरन शर्मा के कर कमलों से संकल्प पत्र का विमोचन संपन्न हुआ। जिले के सभी इकाइयों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य पीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज इटारसी में उपस्थित हुए। विधायक डॉ शर्मा द्वारा संकल्प पत्र के रूप में फ्लेक्स एवं पोस्टर का विमोचन करते हुए संकल्प पत्र को पढ़कर सुनाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री की न्यू इंडिया से संबंधित सोच के परिणाम मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा की जा रही पहल से अवश्य प्राप्त होंगे। जिला संगठन मंत्री नवीन पटेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## आंचलखेडा में नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे का सोमवार को माखननगर प्रथम नगर आगमन पर उनका आंचलखेड़ा मे कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार फूलमालाओं से स्वागत किया गया और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए गए इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध दुबे, हकीम खान , शैलेंद्र जोशी, उमेश तिवारी, प्रदीप शर्मा, बबलू अंसारी जितेंद्र चौधरी, सतीश चौधरी, रत्नेश बडगूजर, बबलू खान, सहित कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नागरिक संघर्ष समिति ने बैठक में की रेल सुविधा बढ़ोतरी पर चर्चा, सांसद को सौंपेंगे मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में रेल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक संघर्ष समिति प्रयासरत है। गत दिवस नगर के काली मंदिर परिसर में समिति की बैठक की गई। जिसमें कुछ निर्णय लिये गए हैं।

नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि सोहागपुर व बनखेड़ी रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के मध्य इटारसी व जबलपुर की ओर यात्रा करने के लिए ट्रेन सुविधा नहीं है। जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी होती है।

आवागमन साधन कम होने से लोगों का पैसा व समय दोनों खर्च होते हैं, अतः दोनों दिशाओं के लिए एक ट्रेन स्टापेज जरूरी है। पटेल ने बताया कि सोहागपुर में प्लेटफार्म क्रमांक दो की ऊंचाई बहुत कम होने से बच्चे, बुजुर्ग व रोगी ट्रेन में चढ़ने-उतरने में परेशान होते हैं। प्लेटफार्म्स पर डिस्प्ले बोर्ड ना होने से कोच की जानकारी नहीं मिल पाती है। नगर में रेलवे संपार गेट पर भी ओवर या अंडर ब्रिज की मांग 40 वर्षों से जारी है। इसके अलावा रोगियों या दिव्यांगों को ट्रेन में चढ़ाने के लिए व्हीलचेयर नहीं है, यात्री सुरक्षा के लिए सैनिक की ड्यूटी प्लेटफार्म पर नहीं रहती है व रात्रि में प्लेटफार्म्स पर अंधेरा रहता है। पटेल ने कहा कि सेमरी हरचंद, पथरई, झालौन ग्रामों के लोग भी अंडरब्रिज ना होने से परेशान हैं। इन समस्याओं को लेकर समिति का प्रतिनिधि मंडल 30 अगस्त को सांसद दर्शन सिंह चौधरी से भेंट करेगा। बैठक में समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, कृष्णा पालीवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, रितेंद्र राजपूत, पोहप सिंह विश्वकर्मा, सागर रघुवंशी, रामेश्वर कहार, गोविंद शर्मा, जीवन कुशवाहा, सोनू रघुवंशी, कमलेश कहार, महेश केवट आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### बागवानी विकास मिशन के विभिन्न घटकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न घटाको जैसे फार्मगेट पैकहाउस, इन्टीग्रेटेड पैक हाउस, कलेक्शन एग्रीगेशन सेंटर, प्रीकूलिंग यूनिट, मोबाइल प्रीकूलिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, रेफीजेरेटर, ट्रान्सपोर्ट व्हीकल, नॉन प्रेसराईसड रिपेनिग चेम्बर, प्रेसराईसड रिपेनिगं चेम्बर, लॉकोस्ट ऑनिय/गार्लिक स्टोरेज, इन्टेग्रेटेड सपली चेन प्रोजेक्ट, फल क्षेत्र विस्तार आम, अमरूद, नीबू, वर्गीय फसल, संकर सब्जी एवं मसाला क्षेत्र विस्तार, पुष्प एवं प्याज क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस मे सब्जी, गुलाब की खेती, जैविक खेती वर्मी बेड इकाई तथा कृषि यंत्र 20 पीटीओ एचपी तथा ट्रैक्टर पावर टीलर पावर, नैपसेक स्प्रेपम्प पावर नेपसेक स्प्रे, इको फेडली लाईट ट्रेप, सोलर कॉप ड्रायर के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। विभिन्न घटको मे लागत का लगभग 40-50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल पर अपनी कृषक आईडी से योजना से संबंधित ओवदन कर सकते है। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक खसरा बी-1, मोबाईल नम्बर, पासपोर्ट साईज फोटो एवं जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

### अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे सुरक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प

# मां की बगिया: एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ लगाए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

करुणाधाम आश्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियो, नर्मदा सेवा समिति ने 150 पौधे रोपे, पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






ग्राम अतरालिया, मंडी के समीप स्थित करुणाधाम आश्रम पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत 150 पौधे लगाए गए। इस अभियान में अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों और मां नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरु प्रसाद शर्मा पूर्व वन निगम अध्यक्ष के हाथों मन्दिर के पुजारी द्वारा पौधों की विधिवत पूजा अर्चना की, रक्षासूत्र बांधकर पौधा लगाकर पौधरोपण की शुरुआत की गई। करुणाधन आश्रम परिसर में 150 पौधे लगाए गए।

**अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे सुरक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प :** एक पेड़ मां के नाम के तहत भैरूंदा तहसीलदार संदीप गौर, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिसकर्मी एवं नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो,जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या ग्रामवासियों ने भी एक पेड़ मां के नाम एक,एक पौधा लगाकर पौधरोपण किया। इस दौरान मां नर्मदा सेवा समिति के सदस्यो ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। करुणाधाम आश्रम में रविवार को 150 पौधे लगाए गए हैं। 500 पौधे लगाने का लक्ष्य है।

वहीं मां नर्मदा के तटों पर भी हजारों पौधे लगाने का हमारा लक्ष्य है। पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की बगिया, एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा।




तहसीलदार संदीप गौर ने पौधरोपण करते हुए ग्रामवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा की एक पेड़ मां के नाम के संदेश के साथ यह पौधारोपण अभियान निश्चित रूप से पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ मां की सेवा के पवित्र भाव को मजबूती प्रदान करेगा। फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने रक्षासूत्र बांधकर बचाने की अपील की।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर अभियान का महत्व बताते हुए कहा प्रत्येक नागरिक से मां के सम्मान के स्वरूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, उसकी सुरक्षा करने का संकल्प भी लें।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण




**सीहोर।** म. प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के ग्राम बिजलोन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिजलोन के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर ने सहभागिता की। प्रदीप सिंह सेंगर ने मध्य प्रदेश के विकास और जनकल्याण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कृत-संकल्पित है। आज जब पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की भीषण समस्या चिंतित है, ऐसे में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत एक पेड़ माँ के नाम अभियान समेत पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न पहलों के द्वारा पूरे विश्व को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से समाधान की राह दिखा रहा है। आइये, आज हम सभी पुनः संकल्प दोहरायें कि अपने जीवन के किसी भी शुभ दिन या उपलब्धि पर पौधारोपण करेंगे। पेड़ - पौधों के अजीवन संरक्षण के साथ ही पर्यावरण संवर्धन के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। इसके साथ ही समिति सदस्यों के माध्यम से पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधि भोलाराम त्यागी, सतीश त्यागी, शुभम त्यागी, अभिलाष त्यागी, अभिषेक शर्मा, ऋतिक त्यागी आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय को फर्नीचर उपलब्ध कराया गया



**सीहोर।** शनिवार को शास.सांदीपनि उमावि मनुबेन मंडी सीहोर में आई.डी.बी.आई बैंक के सौजन्य से 50 सेट टेबल एवं कुर्सी सी.एस.आर. के माध्यम से छात्र-छात्राओं के फर्नीचर की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रदाय किये गये। जिससे छात्र-छात्राओं को आ रही फर्नीचर की कमी से राहत मिलेगी प्रायः छात्र/छात्रा प्राचार्य एवं स्टॉफ से फर्नीचर की मांग कर रहे थे प्राचार्य द्वारा इस संबंध में आई.डी.बी.आई. बैंक सीहोर के प्रबंधक अनिरूद्ध सिटोके से चर्चा की गई उन्होने समस्या को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय से चर्चा कर तुरन्त विद्यालय को फर्नीचर प्रदाय कराया गया उनके इस महत्वपूर्ण सहयोग हेतु संस्था सांदीपनि विद्यालय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर एवं शास. आवासीय स्कूल सीहोर के ऊर्जावान प्राचार्य आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर व आलोक शर्मा द्वारा अपने उदबोदन में शिक्षा विभाग की ओर से बैंक के इस सहयोग के लिए बैंक की प्रशंसा की संस्था प्राचार्य दीप सिंह राठौर, उप प्राचार्य प्रकाश सगवालिया द्वारा शाखा प्रबंधक सिटोके को प्रमाण पत्र एवम मोमेंटो प्रदान किया गया

## सुपात्र दान देकर तीर्थंकर नाम गोत्र का बंध किया जा सकता है : साध्वी प्रेक्षा

**खिरकिया ।** समता भवन में विराजित आचार्य श्री रामलाल महाराज साहब की आज्ञानुवर्ती शासन दीपिका प्रज्ञा श्री जी महाराज साहब ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए बताया कि खुशी के लिए अगर कार्य करोगे तो खुशी मिले या ना मिले यह गारंटी नहीं है, पर यदि खुश होकर कार्य करोगे तो खुशी जरूर मिलेगी। यदि कोई कार्य मन की प्रसन्नता और समाधि भाव से किया जाए तो वह सफल जरूर होता है। आज हर व्यक्ति खुशी चाहता है गम कोई भी नहीं चाहता पर इस खुशी को पाने के लिए हमें हर कार्य खुश होकर करना पड़ेगा।

किसी महापुरुष ने कहा है कि दुनिया में जितनी आवश्यकता हरियाली की है जीवन में उतनी ही आवश्यकता खुशहाली की है। ₹कोई माल में खुश है, तो कोई दाल में खुश है पर खुशनसीब तो वह व्यक्ति है जो जीवन के हर हाल में खुश है₹। आज के समय में सच्ची हंसी व्यक्ति के जीवन से गायब है और झूठी हंसी हंसने के लिए व्यक्ति लाफिंग क्लबों में जा रहा है। ज्ञानीजन कहते हैं कि वर्तमान को कभी खोना नहीं ,भूत को कभी याद नहीं करना, भविष्य की कभी फरियाद नहीं करना और वर्तमान को कभी बर्बाद नहीं करना। हमारा जीवन सागर के समान है जिस प्रकार सागर में लहरें आती है और कभी ज्वार भाटा भी आ जाता है इस प्रकार हमें भी सागर के समान गंभीर रहकर एक समान बने रहना है सभी नदियों को सागर जिस प्रकार स्वयं में समा लेता है इस प्रकार सुख-दुख सब हमारे भीतर ही समाहित है।

इसीलिए महापुरुषों को सागर के समान गंभीर बतायाहै। दृष्टि सम्यक होने से सोच में भी पॉजिटिविटी आएगी अप्रिय हादसों को अप्रिय वचनों को भूल जाओ इन्हें डस्टबिन में डाल दो ।जिस प्रकार डस्टबिन हम वापस खोलकर नहीं देखना चाहते इस प्रकार बीती बातों को याद करने से भी कुछ नहीं होता उल्टा दुख ही होता है। जीवन में सुखी बनने के लिए चार बातें जरूरी हैं पहले स्वयं के दोषों को देखें दूसरों के दोष ना देखें,दूसरा दृष्टि पॉजिटिव बनाएं दूसरों के गुणों को देखें दुर्गुणों को नहीं, तीसरा अपने जीवन को सुहाने रंग जैसे सरलता, सहजता और समभाव से भरे और चौथा यदि कोई आपकी गलती निकाले तो बुरा न माने उसे सरलता से स्वीकार करें।

जिसके जीवन में कोई बात होती है उसी व्यक्ति की बात होती है अर्थात उसी की निंदा की जाती है। हमें प्रिय धर्मी के साथ दृढ़ धर्मी श्रावक बनना है। प्रेक्षा श्रीजी महाराज साहब ने कहा कि आज का जमाना इस हाथ दो- इस हाथ लो का है। जैसे कंप्यूटर में इनपुट और आउटपुट सिस्टम होता है वैसे ही हम भी अपने कर्मों से स्वर्ग मैं भी जा सकते हैं नर्क का मेहमान भी बन सकते हैंऔर उसी भव में चरम शरीर भी बन सकते हैं। इतिहास में कई उदाहरण है जिन्होंने सुपात्र दान देकर औषध दान देकर, शय्यातर बनकर, तीर्थंकर गोत्र बांधा है।

## विद्या में स्नान करनेवाला स्नातक है:आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी






**सीहोर।** योग से मनुष्य चार सौ वर्षों की आयु पा सकता है।भौतिक धनसे मनुष्य की तृप्ति कभी सम्भव नहीं है।जिसने विद्या में स्नान कर लिया,वही स्नातक है।यह उदगार रविवार को आर्य समाज के वेद प्रचार सप्ताह के समापन अवसर पर गंज स्थित राठौर धर्मशाला में बिजनौर यू.पी से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए। उन्होंने वेदविषयक व्याख्यान में कहा कि ग्रहस्थ सर्वोत्तम आश्रम है,उस पर अन्य आश्रम टिके हैं। वैदिक संस्कृति के गर्भाधान से लेकर अंत्येष्टि तक 16 संस्कारों की सारगर्भित व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर आज्ञा का पालन करते हुए,उसके समीपस्थ रहने का नाम उपासना है। आचार्य वेदार्थी ने आगे कहा कि जब मन निरंतर तीन घंटे एक ही वस्तु पर केंद्रित रहे,तब मनुष्य ध्यान करता है,समाधि लगती है, और ईश्वर के आनंद की वृष्टि होती है।आंतरिक क्रियाओं का नाम योग,संध्या है।उन्होंने कहा कि आज के मनुष्य का मन सोते समय भी चंचल रहता है।स्वप्न रहित निद्रा ही सर्वोत्तम अवस्था है।धर्म,अर्थ,काम व मोक्ष रूपी पुरुषार्थों की अत्यंत व्याख्या कर समझाया। इसके पूर्व भजनोपदेशक प. भीष्म आर्य के भजन₹कैसे उतरे नैय्या,आर-पार कोई घाट न सूझे की प्रस्तुति पर श्रद्धालु आनंद विभोर हो झूम उठे।रविवार को 101जोडों ने यज्ञ में पूर्णाहुति दी। संचालन नरेशआर्य ने किया व आभार रमेश राठौर ने माना।कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता संतोष सिंह,उपप्रधान तरूण जगवानी, मंत्री रितेशआर्य,राजकुमार राठौर आर.एस गौर,बाबूलाल राठौर, राजेंद्र राठौर,मुरारी राठौर,सन्नी राठौर,विजय शास्त्री महिलाएं एवं ग्राम्यांचलों से पधारे बड़ी संख्या में आर्यजन,श्रद्धालु शामिल रहे।

## रक्तदान - महादान की भावना को साकार करने के लिए शिविर लगाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, भैरूंदा शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर पूज्य राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की पुण्य स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम के आरंभ में भाजपा भैरुंदा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश लखेरा ने शिवप्रिया भवन पहुच कर दादी प्रकाशमणि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान एवं सेवाकार्यों को स्मरण किया। अतिथियों का स्वागत माला दीदी सहित आश्रम की दीदियों और संस्था के स्वयंसेवकों ने आत्मीयता से किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदान करने वाले दानदाताओं से भेंट की और उनके इस पुण्य कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा-आज जिन दानवीरों ने अमूल्य रक्त का दान किया है, उनका यह दान किसी को नया जीवन देगा, किसी को स्वस्थ बनाएगा। यह कार्य न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि स्वयं के लिए भी पुण्यशाली है। अंत मे रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट ब्लड रक्तदाताओ द्वारा दिया गया।

### प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के संबंध में कार्यशाला आयोजित

# मानव सभ्यता की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है : न्यायाधीश प्रकाशचंद्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पर्यावरण सम्बंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के सम्बंध में एडीआर भवन के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच-'ज' तत्वों का संतुलन आवश्यक है, जिसमें जीवन जीने के तरीके में सुधार करना भी आवश्यक है। यदि हम मानव सभ्यता को जीवित रखना चाहते है तो पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। हमें वृक्षारोपण, जल संरक्षण, वायु शुद्धता के लिए निरंतर कार्य करना होगा, इसके साथ ही प्रदूषण उत्पन्न करने वाले कारकों एवं गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाना होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी हितधारकों एवं संबंधित विभागों को एक मंच पर लाना है एवं समस्याओं पर चर्चा कर समाधान खोजने का प्रयास करना है। कार्यशाला में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई द्वारा पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं कानून बनाये जाने की पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्यशाला के विषय में जानकारी दी एवं प्रतिभागियों से चर्चा कर उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यशाला में सेवानिवृत्त डायरेक्टर पर्यावरण पीके त्रिवेदी द्वारा पीपीटी के माध्यम से पर्यावरण सम्बंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण के संबंध में जानकारी दी गई।

### प्रकृति के संरक्षण हेतु माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सीहोर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा ऑथेंटिक पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम पचामा में पर्यावरण संरक्षण हेतु ₹माटी गणेश सिद्ध गणेश₹ अभियान के अंतर्गत मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक हेमेंद्र सिंह तोमर, प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म. प्र. जन अभियान परिषद, सुनीता धुर्वे इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, मास्टर ट्रेनर नीतू मेवाड़ा, सविता यादव, शालू कुशवाहा एवं पंकज रजक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव के आव्हान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों से ₹माटी गणेश सिद्ध गणेश₹ अभियान अंतर्गत मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण हेतु लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिसमें नीतू मेवाड़ा एवं सविता यादव ने सभी को मूर्ति बनाना सिखाया, जिसके पश्चात सभी के द्वारा भगवान गणेश की माटी से निर्मित मुर्ति बनाई गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फूटन समिति सदस्य एवं विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को मिट्टी की मूर्तियां बनाने हेतु प्रेरित कर मूर्तियों के निर्माण का कुशल प्रशिक्षण दिया। जिसमें छात्रों द्वारा मिट्टी की मुर्तियां भी बनाई गई। इस अवसर समिति सदस्य एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहें।